MPPSC 2015

1.11अक्टूबर, 2014 को लोकनायक जय प्रकाश नारायण के जन्मदिवस की वर्षगांठ पर कौन से कार्यक्रम का प्रारम्भ किया गया?

A. स्वच्छ भारत अभियान
B. डिजिटल इंडिया
C. प्रधान मंत्री जन-धन योजना
D. सांसद आदर्श ग्राम योजना

Answer ||| D

Solution ||| 11अक्टूबर, 2014 को लोकनायक जय प्रकाश नारायण के जन्मदिवस की वर्षगांठ पर सांसद आदर्श ग्राम योजना कार्यक्रम का प्रारम्भ किया गया।

2.गाँधी शांति पुरस्कार 2013 का विजेता है?

A. एक संगीतज्ञ
B. एक लोक कलाकार
C. एक चित्रकार
D. एक पर्यावरणविद्

Answer ||| D

Solution ||| गाँधी शांति पुरस्कार 2013का विजेता एक पर्यावरणविद् है।

3.वर्ष का सबसे बड़ा दिन कौन-सा होता है?

A. 21मई
B. 21 जून
C. 22दिसम्बर
D. 25दिसम्बर

Answer ||| B

Solution ||| वर्ष का सबसे बडा़ दिन 21जून को होता है

4.एलेक्जेंडर फ्लेमिंग ने खोज की

A. पेनिसिलीन
B. एक्स-रे
C. स्ट्रेप्टोमाइसीन
D. टेलीफोन

Answer ||| A

Solution ||| पेनिसिलिन टीका की खोज अलेक्जेंडर फ्लेमिंग ने की थी। पेनिसिलिन एक एंटीबायोटिक जो की बैक्टीरिया से होने वाले संक्रमण का इलाज करती है|

5.भूकम्प की तीव्रता किससे मापी जाती है?

A. बैरीमीटर
B. हाइड्रामीटर
C. पोलीमीटर
D. सिस्मोग्राफ

Answer ||| D

Solution ||| भूकम्प की तीव्रता सिस्मोग्राफ द्वारा मापा जाता है।

6.दूध के घनत्व को किसके द्वारा मापा जाता है?

A. लैक्टोमीटर
B. हाइड्रामीटर
C. बैरीमीटर
D. हाइग्रोमीटर

https://www.evidyarthi.in

Answer ||| A

Solution ||| दूध के घनत्व को लैक्टोमीटर द्वारा मापा जाता है।

7.किस रिक्त समूह का व्याक्ति सार्वभौमिक प्रदाता हो सकता है?

A. O
B. A
C. B
D. AB

Answer ||| A

Solution ||| रक्त समूह O का व्यक्ति सार्वभौमिक प्रदाता है।

8.माइक्रोस्कोप का प्रयोग निम्नलिखि में से किसके अध्ययन करने में किया जाता है?

A. दूर की वस्तुएं

B. पास की वस्तुएं

C. छोटी वस्तुएं

D. सूक्ष्म एवं पास की वस्तुएं

Answer ||| D

Solution ||| माइक्रोस्कोप का प्रयोग सूक्ष्म एवं पास की वस्तुएं को अध्ययन करने मे किया जाता है।

9.भारतीय वन अनुसंधान संस्थान की क्षेत्रीय अनुसंधान शाखा मध्य प्रदेश के किस जिले में स्थित है?

A. बैतूल

B. जबलपुर

C. इन्दौर

D. मण्डला

Answer ||| B

Solution ||| भारतीय वन अनुसंधान संस्थान की क्षेत्रीय अनुसंधान शाखा मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में स्थित है।

10.'फेथोमीटर' का उपयोग किसे नापने में किया जाता है?

A. भूकम्प
B. वर्षा
C. समुद्र की गहराई
D. ध्वनि तीव्रता

Answer ||| C

Solution ||| फेथोमीटर का उपयोग समुद्र की गहराई नापने में किया जाता है।

11.माउण्ट एवरेस्ट शिखर पर चढ़ने वाल पहली महिला थी?

A. जिंको ताईबी
B. कारोलिन मिकेलसन
C. वेंलेटिना टेरेस्कोवा
D. उपर्युक्त में से कोई नही

Answer ||| A

Solution ||| माउण्ट एवरेस्ट शिखर पर चढ़ने वाली पहली महिला जंको ताईबी थी। इन्होने 16मई 1975 को माउण्ट एवरेस्ट पर विजय प्राप्त की।

12.नौकायन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश से अर्जुन अवार्ड प्राप्त कौन है?

https://www.evidyarthi.in

A. जी.एल.यादव
B. शिवेन्द्र सिंह
C. सुनील कीर
D. रुपसिंह मल्लाह

Answer ||| A

Solution ||| नौकायन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश से अर्जुन अवार्ड जी.एल. यादव को मिला था।

13.'बिखरे मोती' के रचयिता है।

A. मुक्तिबोध
B. अज्ञेय
C. सुभद्राकुमारी चैहान
D. दिनकर सोनवलकर

Answer ||| C

Solution ||| बिखरे मोती के रचयिता सुभद्राकुमारी चैहान है। इनकी अन्य कविताएँ है। त्रिधारा, सीधे-सीधे चित्र (1946) मेरा नया बचपन (1946), वीरों का कैसा हो बसंत, आदि है।

14.धूपगढ़ चोटी स्थित है।

A. सतपुड़ा रेंज में
B. मैकाल रेंज में
C. विंध्य रेंज में
D. इनमें सें कोई नही

Answer ||| A

Solution ||| धूपगढ़ चोटी सतपुड़ा रेंज में स्थ्ति है। इसकी ऊॅचाई 1350 मीटर है। यह चोटी पचमढ़ी में स्थित है।

15.म.प्र. में करेन्सी प्रिंटिंग प्रेस कहाँ है?

A. देवास
B. नीमच
C. होषंगाबाद
D. गुना

Answer ||| A

Solution ||| म.प्र. में करेन्सी प्रिटिंग प्रेस देवास में स्थित है।

16.गणेश शंकर विद्यार्थी पुरस्कार किस क्षेत्र से संबन्धित है?

A. खेल
B. उत्कृष्ट समाज सेवा
C. संगीत
D. पत्रकारिता

Answer ||| D

Solution ||| गणेश शंकर विद्यार्थी पुरस्कार पत्रकारिता के क्षेत्र में दिया जाता है।

17."म.प्र. पषुचिकित्सा एवं पषुपालन वि.वि." कहाँ स्थित है?

A. महू
B. जबलपुर
C. सागर
D. रीवा

Answer ||| B

Solution ||| म.प्र. पषु चिकित्सा एवं पषुपालन वि.वि. जबलपुर में स्थित है।

https://www.evidyarthi.in

18.सन्त सिंगाजी म.प्र. के किस क्षेत्र के निवासी थे?

A. बुन्देखण्ड
B. बघेलखण्ड
C. मालवा
D. निमाड़

Answer ||| D

Solution ||| सन्त सिंगाजी भारत में मध्य प्रदेश के नीमार के एक मशहूर संत थे। उन्हे पशु रक्षक देव के रूप में पूजा जाता है।

19.विष्णु चिंचालकर कौन थ?

A. चित्रकार
B. षिल्पकार
C. कहानीकार
D. साहित्यकार

Answer ||| A

Solution ||| विष्णु चिंचालकर एक चित्रकार थे। इनका जन्म 5 सितम्बर 1917को देवास मध्य प्रदेश में हुआ था।

20.मध्य प्रदेश शासन द्वारा संगीत के क्षेत्र में दी जाने वाली फेलोशिप कौन सी है?

A. श्रीकान्त वर्मा
B. अलाउद्दीन खां
C. चक्रधर सिंह
D. अमृता शेरगिल

Answer ||| B

Solution ||| मध्यप्रदेश शासन द्वारा संगीत के क्षेत्र में दी जाने वाली फेलोषीप अलाउद्दीन खां फेलोशीप है।

21.73वें संविधान का अभिपालन करने वाला पहला राज्य है।

A. मध्य प्रदेश
B. पंजाब
C. आंध्रा प्रदेश
D. राजस्थान

Answer ||| A

Solution ||| 73वें संविधान संषोधन का अभिपालन करने वाला राज्य मध्य प्रदेश हैं। इस संविधान संशोधन में पंचायती राज संस्थानों में महिलाओं को आरक्षण का प्रावधान किया गया था|

22.भील जनजाति भारत में सबसे अधिक पायी जाती है?

A. राजस्थान में
B. गुजरात में
C. मध्य प्रदेश में
D. महाराष्ट्र में

Answer ||| C

Solution ||| भील जनजाति भारत में सबसे अधिक मध्यप्रदेश में पाई जाती है। भील मध्यप्रदेश में धार, अलीराजपुर, झाबुआ, खरगोन, खण्डवा आदि जिलो में पाए जातें है।

23.सेंधवा में किसके नेतृत्व में आदिवासियों ने आन्दोलन किया था?

A. भीमा नायक
B. कोंडू

https://www.evidyarthi.in

C. गंजनसिंह
D. वीरसा

Answer ||| A

Solution ||| सेधवा में भीमा नायक के नेतृत्व मे आदिवासियों ने आन्दोलन किया था।

24.रानी दुर्गावती ने म.प्र. के किस क्षेत्र में शासन किया?

A. गोंडवाना
B. महाकौशल
C. विन्ध्य प्रदेश
D. ग्वालियर

Answer ||| A

Solution ||| रानी दुर्गावती ने म.प्र.के गोंडवाना क्षेत्र में शासन किया । इनका जन्म 5अक्टूबर 1524 को बान्दा (उत्तर प्रदेश) में व मृत्यु 24 जून 1564को जबलपुर (म.प्र.) में हुई।

25.राष्ट्रपति द्वारा 1993 में मानव अधिकार संरक्षण अध्यादेश संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत जारी किया गया था?

A. अनुच्छेद 123
B. अनुच्छेद 124
C. अनुच्छेद 125
D. अनुच्छेद 127

Answer ||| A

Solution ||| राष्ट्रपति द्वारा 1993में मानव अधिकार संरक्षण अध्यादेश संविधान के अनुच्छेद 123के अन्तर्गत जारी किया गया था।

26.मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 का क्या उद्देश्य था?

A. मानव अधिकारों को बेहतर संरक्षण
B. मानव अधिकार सुरक्षा आयोग का गठन
C. राज्य में मानव अधिकार सुरक्षा आयोग का गठन
D. उपरोक्त सभी

Answer ||| D

Solution ||| मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 का उद्देश्य मानव अधिकारो का बेहतर संरक्षण, मानव अधिकार सुरक्षा आयोग का गठन तथा राज्य में मानव अधिकार सुरक्षा आयोग का गठन करना आदि।

27.मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 किस तिथि को लागू किया गया?

A. 28सितम्बर, 1993
B. 25 अक्टूबर, 1993
C. 17नवम्बर, 1993
D. 31 दिसम्बर, 1993

Answer ||| A

Solution ||| मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम 28 सितम्बर, 1993 को लागू किया गया था। यह गणतत्रं के 44वें वर्ष लागू हुआ था।

28.ऐशबाग स्टेडियम किस शहर में स्थित है?

A. इंदौर
B. ग्वालियर
C. भोपाल
D. जबलपुर

Answer ||| C

https://www.evidyarthi.in

Solution ||| ऐशबाग स्टेडियम भोपाल में स्थित है।

29.नरेन्द्र हिरवानी ने किस के विरुद्ध एक टेस्ट मैच में 16विकेट लिए थे?

A. इंग्लैंड

B. वेस्टइंडीज

C. पाकिस्तान

D. बांग्लादेश

Answer ||| B

Solution ||| नरेन्द्र हिरवानी ने वेस्टइंडीज टीम के खिलाफ एक टेस्ट मैच मे 16विकेट लिए थे।

30.एक पोलो टीम मे कितने खिलाड़ी होते है।

A. 4
B. 7
C. 8
D. 6

Answer ||| A

Solution ||| एक पोलो टीम में 4खिलाड़ी होते है।

31.राष्ट्रीय खेल दिवस निम्नलिखित मे से किस दिन मनाया जाता है?

A. 29अगस्त

B. 29जुलाई

C. 20सितम्बर

D. 29सितम्बर

Answer ||| A

Solution ||| राष्ट्रीय खेल दिवस 29अगस्त को मानया जाता है। यह भारत के महान हॉकी खिलाडी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर मनाया जाता है।

32.संध्या अग्रवाल का सम्बन्ध निम्नलिखित मे से किस खेल से है?

A. हॉकी

B. क्रिकेट

C. चेस

D. टेबिल टेनिस

Answer ||| B

Solution ||| संध्या अग्रावाल का सम्बन्ध क्रिकेट से है।

33.मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ का मुख्यालय कहाँ पर स्थित है।

A. ग्वालियर

B. इन्दौर

C. भोपाल

D. जबलपुर

Answer ||| B

Solution ||| मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ का मुख्यालय इन्दौर मे स्थित है।

34.2015की विम्बल्डन चैम्पियनषिप मे पुरुष एकल का विजेता कौन था।

A. फेडरर

B. नोवाक जोकोविक

C. राफेल नडाल

D. एंडी मरे

https://www.evidyarthi.in

Answer ||| B

Solution ||| 2015की विम्बल्डन चैम्पियनषिप मे पुरुष एकल का विजेता नोवाक जोकोविक थे। इन्होने रोजर फेडरर को हराया था।

35.निम्नलिखि मे से किस स्थान पर 2016 के ग्रीष्म ओलम्पिक खेल प्रस्तावित है?

A. रियो डी जेनेरो
B. ग्लासगो
C. एथेन्स
D. डर्बन

Answer ||| A

Solution ||| 2016के ग्रीष्म ओलम्पिक खेल रियो डी जेनेरो (ब्राजील) मे प्रस्तावित है।

36.प्रथम पृष्ठ जो सामान्यत: आप वेबसाइट पर देखते हैं वह होता है। इसका

A. ग्रह पृष्ठ
B. मुख्य पृष्ठ
C. प्रथम पृष्ठ
D. पताका पृष्ठ

Answer ||| A

Solution ||| वेबसाइट का पहला पेज ग्रह पृष्ठ कहलाता है।

37.कम्प्यूटर में जहाँ ऐसेसरीज जुड़ती है?

A. पोर्ट
B. रिंग
C. बस

D. जिप

Answer ||| A

Solution ||| कम्प्यूटर मे जहाँ ऐसेसरीज जुड़ती हैं उसे पोर्ट कहा जाता है। कम्प्यूटर मे बहुत से पोर्ट होते है। जैसे युएसबी पोर्ट।

38.कम्प्यूटर निम्न में से कौन सा कार्य नही करता है?

A. कम्प्यूटिंग

B. प्रोसेसिंग

C. अंडरस्टैंडिंग

D. आउटपुटिंग

Answer ||| C

Solution ||| computer is a machine which can do several works like computing, processing, outputting etc. but ultimately it is a machine and does not possess brain so it cannot understand anything.

39.निम्नलिखित में कौन सी कम्प्यूटर भाषा है?

A. बेसिक

B. सी++

C. जावा

D. पेंट ब्रश

Answer ||| D

Solution ||| पेंट ब्रश कम्प्यूटर की भाषा नही है। यह एक एपलीकेशन है। जबकि बैसिक, सी++ व जावा ये सभी प्रोग्रामिंग भाषाएँ है। जिनका उपयोग सोफ्टवेयर बनाने मे किया जाता है।

https://www.evidyarthi.in

40.भारतीय सुपर कम्प्यूटर का जनक कौन कहलाता है?

A. रघुनाथ माषेलकर
B. विजय भाटकर
C. जयंत नार्लिकर
D. नंदन नीलेकणी

Answer ||| B

Solution ||| भारतीय सुपर कम्प्यूटर के जनक विजय भाटकर है। इन्होने परम सीरीज के सुपर कम्प्यूटर का आर्किटेस्ट तैयार किया था ।

41.निम्नलिखित में से कौन सा सबसे बड़ा, सबसे तेज एवं सबसे महॅगा कम्प्यूटर है?

A. पर्सनल कम्प्यूटर
B. सुपर कम्प्यूटर
C. लेपटोप
D. नोटबुक

Answer ||| B

Solution ||| सुपर कम्प्यूटर सबसे बड़ा, तेज व महॅगा कम्प्यूटर होता है। इसकी कार्य क्षमता बहुत उच्च होती है।

42.वाइनरी भाषा कितने अंको की बनी है?

A. 2
B. 3
C. 4
D. 16

Answer ||| A

Solution ||| वाइनरी भाषा 2अंको से मिलकर बनती है। कम्प्यूटर वाइनरी भाषा में कार्य करता है। इसे मशीन भाषा भी कहते है।

43.न्यूनतम मेमोरी साइज की इकाई चुनिए:

A. के बी

B. एम बी

C. जी बी

D. टी बी

Answer ||| A

Solution ||| उक्त विकल्प के अनुसार मेमोरी का न्यूनतम साइज के बी है। जबकि मेमोरी का न्यूनतम साइज विट होता है।

44.एक बाइट में कितने बिट्स होते है?

A. 2
B. 8
C. 10
D. 16

Answer ||| B

Solution ||| एक बाईट मे 8बिट होते है।
एक बाइट दो निबल से मिलकर बनती है।
1बाईट = 8 बिट = 2निबल

45.किसने आविस्कार किया कि पेड़-पौधों में जीवन है?

A. रोबर्ट कोच

B. जे.सी. बोस

C. बेन्जामिन फैंकलिन

https://www.evidyarthi.in

D. लुईस पाष्चर

Answer ||| B

Solution ||| पेड़-पौधे में जीवन का अविस्कार जे.सी. बोस ने किया था। जे.सी. बोस ने बताया कि पेड़-पौंधे मनुष्यों की तरह ही जीवन जीते हैं|

46.निम्न में से कौनसा प्राथमिक रंग नही है?

A. काला
B. हरा
C. लाल
D. नीला

Answer ||| A

Solution ||| काला रंग प्राथमिक रंग नही है। जबकि बाकी के सभी रंग प्राथमिक रंग है।

47.सतत विकास का आधार है

A. सामाजिक दृष्टिकोण
B. आर्थिक दृष्टि
C. पर्यावरण दृष्टि
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

Answer ||| D

Solution ||| .

48.अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को किस अनुच्छेद के अन्तर्गत मौलिक, सामाजिक-आर्थिक, राजनीतिक तथा सांस्कृतिक अधिकार दिया गया?

A. अनुच्छेद 20
B. अनुच्छेद 19
C. अनुच्छेद 18
D. अनुच्छेद 17

Answer ||| D

Solution ||| अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को अनुच्छेद 17 के अन्तर्गत मौलिक, सामाजिक-आर्थिक, राजनीतिक तथा सांस्कृतिक अधिकार दिया गया।

49.अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के किस अधिनियम के अंतर्गत अत्याचार निवारण कानून लागू किया गया?

A. अधिनियम 1990
B. अधिनियम 1989
C. अधिनियम 1992
D. अधिनियम 1991

Answer ||| B

Solution ||| अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति अधिनियम 1989 के अन्तर्गत अत्याचार निवारण कानून लागू किया गया।

50.वर्ष 1990 में अनूसूचित जाति एवं जनजाति राष्ट्रीय आयोग की रिपोर्ट के अनुसार अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अत्याचार का कारण नही है?

A. भूमि निर्वसन
B. बंधुआ मजदूरी
C. ऋणग्रस्तता
D. धर्मिक कारण

Answer ||| C

https://www.evidyarthi.in

Solution ||| वर्ष 1990में अनुसूचित जाति एवं जनजाति राष्ट्रीय आयोग की रिर्पाट के अनुसार अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अत्याचार का कारण ऋणग्रस्तता नही है।

51.सर्वाधिक 'लवणता' किस सागर में पायी जाती है?

A. मृत सागर
B. लाल सागर
C. हिन्द महासागर
D. अरब सागर

Answer ||| A

Solution ||| सर्वाधिक लवणता मृत सागर में 34.2 प्रतिशत पाई जाती है।

52.कौनसा भाग सुनामी प्रभावित क्षेत्र नही है?

A. बर्मा (म्यांमार) का तटीय क्षेत्र
B. गुजरात का तटीय क्षेत्र
C. बंगाल की खाड़ी का तटीय क्षेत्र
D. उपर्युक्त में से कोई नही

Answer ||| B

Solution ||| गुजरात के तटीय क्षेत्र को छोड़कर बाकी सभी क्षेत्र सुनामी प्रभावित क्षेत्र है।

53.निम्न में से कौन सामाजिक प्रदूषण नही है?

A. गरीबी
B. साम्प्रकायिक दंगा
C. बलात्कार
D. कृषि प्रदूषण

Answer ||| D

Solution ||| कृषि प्रदूषण सामाजिक प्रदूषण नही है, जबकि गरीबी, साम्प्रादायिक दंगा व बलात्कार सामाजिक प्रदूषण है।

54.कौन जलवायु परिवर्तन का संकेतक नही है?

A. वानस्पतिक संकेतक
B. हिमीय संकेतक
C. विवर्तनीय संकेतक
D. दीर्घकालीन परिवर्तन

Answer ||| D

Solution ||| दीर्घकालीन परिवर्तन जलवायु परिवर्तन का संकेतक नही है।

55.इनमें से कौन नवीनीकृत संसाधन नही है?

A. जल की ऊर्जा
B. सूर्य की ऊर्जा
C. पृथ्वी की ऊर्जा
D. उपर्युक्त में से कोई नही

Answer ||| D

Solution ||| सभी उल्लेखनीय विकल्प ऊर्जा के नवीकरणीय संसाधन हैं।

56.केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का अध्यक्ष कौन है?

A. विनोद गांगुली
B. अरुण कुमार मेहता
C. प्रधान मंत्री

https://www.evidyarthi.in

D. पी. के सिंह

Answer ||| B

Solution ||| केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का वर्तमान अध्यक्ष श्री अरुण कुमार मेहता है।

57.वित आयोग एवं योजना आयोग के परस्पर विलय का प्रस्ताव किसने दिया था?

A. डी. डी. बसु
B. भालचंद्र गोस्वामी
C. एम. वी. माथुर
D. आषुतोश पाण्डेय

Answer ||| C

Solution ||| वित आयोग एवं योजना आयोग के परस्पर विलय का प्रस्ताव एम.वी.माथुर ने दिया था।

58.तारकुण्डे समिति का गठन किस उद्‌देश्य से किया गया था?

A. चुनाव सुधार
B. पंचायती राज में सुधार
C. जिला प्रशासन में सुधार
D. उपर्युक्त में सें कोई नही

Answer ||| A

Solution ||| तारकुण्डे समिति का गठन चुनाव सुधार उद्‌देश्य से किया गया था तारकुण्डे समिति (1974-75) का गठन स्वतंत्र संस्था सिटिजंस ऑफ डेमोक्रेसी की ओर से जयप्रकाश नारायण ने चुनाव सुधार हेतु किया था।

59.लिखित संविधान का प्रारम्भ किस देश से हुआ?

A. जापान
B. भारत
C. ब्रिटेन
D. अमेरिका

Answer ||| D

Solution ||| लिखित संविधान का प्रारम्भ अमेरिका से माना जाता है

60.”नाबार्ड“ सम्बन्धित है?

A. राष्ट्रीय कृषि विकास संस्था
B. राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्था
C. राष्ट्रीय कृषि बैंक तथा ग्रामीण विकास
D. राष्ट्रीय वित्तीय संस्था

Answer ||| C

Solution ||| राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास (नाबार्ड) मुम्बई, में स्थित भारत का एक शीर्ष बैंक है। इसकी स्थापना राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक अधिनियम द्वारा 12 जुलाई, 1982 को की गई।

61.सतत आर्थिक विकास से अभिप्राय है?

A. वर्तमान पीढ़ी के विकास के साथ-साथ भविष्य का आर्थिक विकास
B. वर्तमान पीढ़ी का केवल आर्थिक विकास
C. औधोगिक विकास
D. कृषि विकास

Answer ||| A

https://www.evidyarthi.in

Solution ||| सतत विकास वो विकास है जो भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए भविष्य की पीढ़ियों की क्षमता के साथ समझौता किए बिना वर्तमान की जरूरतों को भी पूरा करता है।

62.विदेशी व्यापार का भुगतान सम्बन्धित है

A. आयात के गुणो से
B. निर्यात के गुणो से
C. विदेशी व्यापार गुणक से
D. भुगतान संतुलन से

Answer ||| D

Solution ||| विदेशी व्यापार का भुगतान, भुगतान सन्तुलन से सम्बन्धित है।

63.भारत का संविधान का संरक्षक किसे कहा गया है?

A. संसद
B. राष्ट्रपति
C. सर्वोच्च न्यायालय
D. उपर्युक्त में से कोई नही

Answer ||| C

Solution ||| भारत में संविधान का संरक्षक सर्वोच्च न्यायालय को कहा गया है। सर्वोच्च न्यायालय का उल्लेख अनुच्छेद 124में किया गया है।

64.दलबदल निरोधक कानून किस संविधान संषोधन विधेयक से सम्वन्धित है?

A. 15वाँ
B. 52वाँ
C. 53वाँ

D. 54वाँ

Answer ||| B

Solution ||| दलबदल निरोधक कानून 52वाँ संविधान संषोधन विधेयक से सम्बन्धित है। दसवीं अनुसूची - यह संविधान 52वें संषोधन 1985 के द्वारा जोड़ी गई है। इसमें दलबदल से सम्बन्धित प्रावधानी का उल्लेख है।

65.स्विधान को एक पवित्र दस्तावेज किसने कहा है?

A. बी. आर. अम्बेडकर

B. महात्मा गाँधी

C. दीनदयाल उपाध्याय

D. मोहम्मद अली जिन्ना

Answer ||| A

Solution ||| बी. आर. अम्बेडकर ने संविधान को पवित्र दस्तावेज कहा है।

66.भारतीय संविधान के अन्तर्गत प्रथम आम चुनाव किस वर्ष हुए।

A. 1949
B. 1950
C. 1952
D. 1953

Answer ||| C

Solution ||| वर्ष 1952में भारतीय संविधान में अन्तर्गत प्रथम आम चुनाव हुए। प्रथम राज्य सभा का गठन 3अगस्त 1952 ई. को किया गया था जबकि प्रथम लोक सभा का गठन 6 मई, 1952 को हुआ।

67.द्वितीय पंचवर्षीय योजना किस मॉडल पर आधारित थी?

https://www.evidyarthi.in

A. सोलो मॉडल
B. डोमर मॉडल
C. राबिन्सन मॉडल
D. महालनोबिस मॉडल

Answer ||| D

Solution ||| द्वितीय पंचवर्षीय योजना पी.सी. महालनोबिस मॉडल पर आधारित है। द्वितीय पंचवर्षीय योजना की शुरुआत सन् (1956-61ई.) में हुई।

68.पांचवीं पंचवर्षीय योजना का मूल उद्देश्य था?

A. गरीबी हटाओ
B. सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार
C. समावेषी विकास
D. अपवर्जी विकास

Answer ||| A

Solution ||| गरीबी हटाओ पांचवीं पंचवर्षीय योजना का मूल उद्देश्य था। इस योजना में पहली बार गरीबी तथा बेरोजगारी पर ध्यान दिया था।

69.मानव विकास सूचकांक का आधार क्या है?

A. स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, जीवन स्तर
B. स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार
C. स्वास्थ्य, शिक्षा, जीवन स्तर
D. शिक्षा, रोजगार, जीवन स्तर

Answer ||| C

Solution ||| मानव विकास सूचकांक का आधार स्वास्थ्य, शिक्षा, जीवन स्तर है।

70.तलचिर प्रसिद्ध कोयला क्षेत्र है।

A. मध्य प्रदेश का
B. छत्तीसगढ़ का
C. बिहार का
D. ओडिशा का

Answer ||| D

Solution ||| ओडिशा का कोयला तालचिर नाम से प्रसिद्ध है।

71.भारत में अभ्रक का सर्वाधिक उत्पादक राज्य है?

A. झारखण्ड
B. राजस्थान
C. ओडिशा
D. आन्ध्रप्रदेश

Answer ||| D

Solution ||| भारत में अभ्रक का सर्वाधिक उत्पादक राज्य आन्ध्रप्रदेश है।

72.बैलाडिला किसके उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है,

A. लौह अयस्क
B. बाक्साइट
C. कोयला
D. अभ्रक

Answer ||| A

Solution ||| बैलाडिला- लौह अयस्क उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। भारत लौह अयस्क का निर्यात जापान, स्लोवाकिया, इटली, श्रीलंका आदि को करता है।

https://www.evidyarthi.in

73.भारत के किस राज्य की सीमा नेपाल, भूटान और चीन तीन देशों से मिलती है?

A. अरुणाचल
B. मेघालय
C. पश्चिम बंगाल
D. सिक्किम

Answer ||| D

Solution ||| भारत के सिक्किम राज्य की सीमा नेपाल,भूटान और चीन तीनो देशों में मिलती है।

74.निम्नलिखित में से किस राज्य में सबरीमाला स्थित है

A. आन्ध्राप्रदेश
B. तमिलनाडु
C. केरल
D. कर्नाटक

Answer ||| C

Solution ||| सबरीमाला - केरल राज्य में स्थित है

75.अलकनंदा और भागीरथी मिलती है?

A. विष्णु प्रयाग में
B. देवप्रयाग में
C. कर्ण प्रयाग में
D. बद्रीनाथ में

Answer ||| B

Solution ||| जहाँ अलकनंदा एवं भागीरथी आपस में मिलती है उसे देवप्रयाग कहते हैं। जहाँ से गंगा हरिद्वार के निकट मैदानी भाग में प्रवेश करती है।

76.समान वर्षा वाले क्षेत्र को जोड़ने वाली रेखा कही जाती है?

A. आइसोबार
B. आइसोहाइट
C. आइसोथर्म
D. आइसोहैलाइन

Answer ||| B

Solution ||| समान वर्षा वाले क्षेत्र को जोड़ने वाली रेखा आइसोहाइट कही जाती है।

77.निम्नलिखित में से कौन-सा विश्व का 'कॉफ़ी पोर्ट' कहलाता है?

A. साओ पालो
B. सेन्टोस
C. रियो डी जेनेरो
D. ब्यूनस आयर्स

Answer ||| B

Solution ||| ब्राजील का सेन्टोस बन्दरगाह कॉफ़ी बन्दरगाह के नाम से जाना जाता है।

78.गरजती चालीसा, प्रचण्ड पचासा एवं चीखता साठा क्या है?

A. समुद्री तूफान
B. दक्षिणी गोलार्ध में पश्चिमी पवनें
C. उत्तरी गोलार्ध में पश्चिमी पवनें
D. 07मार्च

https://www.evidyarthi.in

Answer ||| B

Solution ||| दक्षिणी गोलार्ध में पश्चिमी पवनें यहाँ के इन अक्षांशो को गरजता चालीसा, प्रचण्ड एवं चीखता साठा कहा जाता है। ये सभी नाम नाविको के दिये हुए है।

79.ओजोन पर्त को सर्वाधिक नुकसान पहुचाने वाले प्रदूषण हैं?

A. हाइड्रो कार्बन
B. कार्बन डाइआक्साइड
C. नाइट्रस आक्साइड
D. क्लोरोफ्लोरोकार्बन

Answer ||| D

Solution ||| ओजोन पर्त नष्ट करने वाली गैस क्लोरोफ्लोकार्बन है जो एयर कंडीशनर, रेफ्रीजरेटर आदि से निकलती है।यह सक्रिय क्लोरीन की उपस्थिति के कारण होती है।

80.'अल्फाल्फा' है?

A. एक प्रकार की घास
B. एक जनजाति
C. एक पषु
D. एक नगर

Answer ||| A

Solution ||| अल्फाल्फा एक प्रकार की घास है।

81.ग्रेट बैरियर रीफ कहाँ पर स्थित है?

A. प्रशान्त महासागर में
B. हिन्द महासागर में

C. भूमध्य सागर में

D. अटलांटिक महासागर में

Answer ||| A

Solution ||| ग्रेट बैरियर रीफ प्रशान्त महासागर में स्थित है। ऑस्ट्रेलिया के पुर्वी तटीय क्षेत्र में प्रख्यात मूँगे की चट्टानें, ग्रेट बैरियर रीफ में स्थित है।

82.निम्नलिखित में से किस प्रदेश में पिग्मी पाए जाते है?

A. सहारा

B. कालाहारी

C. विषुवतरेखीय वन

D. पम्पास

Answer ||| C

Solution ||| पिग्मी (कागो बेसिन) विषुवतरेखीय वन प्रदेश में पाये जाते है।

83.विश्व पृथ्वी दिवस कब मनाया जाता है?

A. 22अप्रैल

B. 22मार्च

C. 07अप्रैल

D. 07मार्च

Answer ||| A

Solution |||

दिनांक	दिवस
22 अप्रेल	विश्व प्रथ्वी दिवस
22 मार्च	विश्व जल दिवस
7 अप्रेल	विश्व स्वस्थ दिवस

https://www.evidyarthi.in

84.चार्ल्स वुड का आदेश-पत्र निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित था?

A. शिक्षा
B. व्यापार
C. प्रशानिक सुधार
D. सैन्य सुधार

Answer ||| A

Solution ||| चार्ल्स वुड का आदेश-पत्र शिक्षा से सम्बन्धित था| इस घोषण पत्र को भारतीय शिक्षा का **मैग्ना कार्टा** भी कहा जाता है। उच्च शिक्षा को अंग्रेज़ी भाषा के माध्यम से दिये जाने पर बल दिया गया, परन्तु साथ ही देशी भाषा के विकास को भी महत्व दिया गया। ग्राम स्तर पर देशी भाषा के माध्यम से अध्ययन के लिए लिए प्राथमिक पाठाशालायें स्थापित हुईं और इनके साथ ही ज़िलों में हाईस्कूल स्तर के एंग्लो-वर्नाक्यूलरकालेज खोले गये।

85.खुसरो किस मुगल बादशाह का पुत्र था?

A. अकबर
B. जहांगीर
C. शाहजहाँ
D. बहादुरशाह प्रथम

Answer ||| B

Solution ||| खुसरो जहांगीर मुगल बादशाह का ज्येष्ठ पुत्र था। और खुसरो ने 1606 ई. में अपने पिता के विरुद्ध विद्रोह कर दिया।

86.गुरु नानक ने अपना उत्तराधिकारी किसे नियुक्त किया था?

A. गुरु रामदास
B. गुरु अमरदास

C. गुरु हरराय
D. गुरु अंगद

Answer ||| D

Solution ||| गुरु नानक ने अपना उत्तराधिकारी गुरु अंगद को नियुक्त किया था। गुरु अंगद (सन् 1839-52ई.) सिक्खो के दूसरे गुरु थे।

87.कौनसा मुगल बादशाह ‘रंगीला’ के नाम से जाना जाता है?

A. फर्रुखसियर
B. रफी-उद्- दराजत
C. मुहम्मदशाह
D. रफी-उद्-दौला

Answer ||| C

Solution ||| मुहम्मदशाह मुगल बादशाह रंगीला के नाम से जाने जाते है। और बारहवाँ मुग़ल बादशाह था| इसका शासनकाल 1719 से 1749था| सुन्दर युवतियों के प्रति अत्यधिक रुझान के कारण मुहम्मदशाह को रंगीला बादशाह कहा जाता था।

88.विलियम बैटिंग के द्वारा सती प्रथा किस वर्ष समाप्त की गई?

A. 1825ई.
B. 1827 ई.
C. 1829ई.
D. 1830 ई.

Answer ||| C

Solution ||| राजा राम मोहनराय के सहयोग से विलियम बैटिक ने दिसम्बर 1829 में सती-प्रथा के खिलाफ कानून बनाकर विधवाओं के सती होने को अवैध घोषित कर दिया गया।

https://www.evidyarthi.in

89.रेग्यूलेटिंग एक्ट किस वर्ष पारित किया गया था?

A. 1753
B. 1757
C. 1764
D. 1773

Answer ||| D

Solution ||| सन् 1773 ई. में रेग्यूलेटिंग एक्ट पारित किया गया था। इस एक्ट के दो मुख्य विन्दु थे जो इस प्रकार है

1) कम्पनी के शासन पर संसदीय नियत्रण स्थापित किया जाय।

2) कलकत्ता में एक सुप्रीम कोर्ट की स्थापना की जाय।

90.'इण्डिका' का लेखक कौन था?

A. प्लूटार्क

B. जस्टिन

C. वाकणकर संग्राहालय

D. मैंगस्थनीज

Answer ||| D

Solution ||| मैंगस्थनीज ने इण्डिका नामक किताब लिखी। यह वह चन्द्रगुप्त मौर्य के दरबार में ग्रीक राजदूत थे|

91.अभिलेखो में किस शासक का उल्लेख 'पियदस्सी' एवं 'देवनामप्रिय' के रुप में किया जाता है?

A. चन्द्रगुप्त मौर्य

B. अशोक

C. समुद्रगुप्त

D. हर्षवर्धन

Answer ||| B

Solution ||| अभिलेखो में शासक अशोक का उल्लेख ”पियदस्सी एवं देवानामप्रिय“ के रुप में किया गया है।अशोक को - पुराणों में अशोक वर्धन के नाम से जाना जाता है।

92.संस्कारो की कुल संख्या कितनी है।?

A. 10
B. 12
C. 15
D. 16

Answer ||| D

Solution ||| संस्कारो की कुल संख्या 16है। जिनका क्रम इस प्रकार है: गर्भाधान, पुंसवन, सिमन्तोनयन, जातकर्म, नामकर्म, निएक्रमण, अग्नाप्रशन, मुण्डन, कर्णवेध, उपनयन, वेदारम्भ, समावर्तन, विवाह, वानप्रस्थ,सन्यास, अंत्येष्टि|

93.‘शाहनामा’ का लेखक कौन था?

A. उतबी

B. फिरदौसी

C. अलबरुनी

D. बरनी

Answer ||| B

Solution ||| Its a long Persian poem. It tells mainly the mythical but to some extent the historical past of the Persian Empire till the Islamic conquest of Persia in the 7th century.

94.म.प्र. राज्य संग्राहालय भोपाल को पूर्व में किस नाम से जाना जाता था?

https://www.evidyarthi.in

A. किंग जार्ज संग्रहालय
B. एडवर्ड संग्रहालय
C. वाकणकर संग्रहालय
D. भण्डारकर संग्रहालय

Answer ||| B

Solution ||| म.प्र. राज्य संग्राहालय भोपाल को पूर्व में एडवर्ड संग्रहालय नाम से जाना जाता था

95.'यू एण्ड मी' अभियान किससे सम्बन्धित है?

A. हैजा से
B. डेंगू से
C. मलेरिया से
D. एड्स से

Answer ||| B

Solution ||| यू एण्ड मी डेंगू से सम्बन्धित है। इस अभियान की
शुरुआत 11मार्च 2014 को डेंगू को खत्म करने के लिए की गई थी।

96.मध्य प्रदेश की सरकार ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य अभियान का ब्रांण्ड एम्बेसेडर किसे नियुक्त किया है?

A. ऐश्वर्या राय बच्चन
B. माधुरी दीक्षित
C. सानिया मिर्जा
D. सायना नेहवाल

Answer ||| B

Solution ||| नवजात शिशु एवं मातृत्व को सुरक्षित एवं सक्षम जीवन प्रदान करने के लिये प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित मातृ एवं शिशु स्वास्थ अभियान का ब्रांड एम्बेसेडर माधुरी दीक्षित को नियुक्त किया गया|

97.'इग्नाइटिस माइन्ड्स' नामक किताब किसने लिखी?

A. विक्रम सेठ

B. दलाई लामा

C. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

D. अनीता देसाई

Answer ||| C

Solution ||| टिप्पणी - इस पुस्तक के लेखक भारत के पूर्व राष्ट्रपति डा ए.पी.जे. अब्दुल कलाम हैं| भारत के 11वें राष्ट्रपति चुने गए थे| इनका जन्म 15 अक्टूबर 1931को तमिलनाडु में हुआ था |

98.'ऑडी' किस देश की कार बनाने वाली कम्पनी है?

A. जापान

B. जर्मनी

C. इंग्लैण्ड

D. भारत

Answer ||| B

Solution ||| ऑडी जैसी लक्जरी कारों का निर्माण जर्मनी में होता है। इसे वोक्सवेगन समूह बनता है।

99.'मैत्री एक्सप्रेस' रेल सेवा का सम्बन्ध किससे है?

https://www.evidyarthi.in

A. भारत - पाकिस्तान
B. भारत - बांग्लादेश
C. भारत - नेपाल
D. भारत - भूटान

Answer ||| B

Solution ||| भारत - बांग्लादेश के बीच-मैत्री एक्सप्रेस रेल सेवा चलायी गई। समझौता एक्सप्रेस रेल सेवा भारत-पाकिस्तान के बीच चलायी गई थी।

100.”वर्ल्ड इकॉनोमिक आउट रिपोर्ट“ कौन जारी करता है?

A. विश्व बैंक
B. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
C. एशियाई विकास बैंक
D. अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर संघ

Answer ||| B

Solution ||| वर्ल्ड इकॉनोमिक आउटलुक रिपोर्ट अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा जारी की जाती है। अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की स्थापना 27 दिसम्बर, 1945 ई. में हुई और इसका मुख्यालय वांशिगटन डी.सी. (संयुक्त राष्ट्र अमेरिका) में है।